Phone No. 0591-2451057
Email id –pm18cds@gmail.com

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट–18,
कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज,
उत्तर प्रदेश जल निगम
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
डी–20, टी0डी0आई0 सिटी, सी0एल0गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के पीछे,
रामगंगा विहार, मुरादाबाद।

पत्रांक 1232 / pm-18 / 07 दिनांक : 21/06/2017

# अल्पकालीन निविदा सूचना

अध्यक्ष, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ की ओर से जनपद अमरोहा के नगर पंचायत नौगावा में नूरपुर–अमरोहा रोड पर कैनाल से रामकृष्ण इण्टर कालेज से नगर पंचायत नौगावां सादात के तालाब तक तथा रोड के दूसरी ओर कैनाल से पी0एन0बी0 बैंक एवं खेड़ी मोड़ से रामकृष्ण इण्टर कालेज तक आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कार्य हेतु दो बिड पद्धति के अन्तर्गत मुहरबन्द निविदा दिनांक 20.07.2017 (गुरूवार) के अपरान्ह 15.30 बजे तक आंमन्त्रित की जाती हैं, निविदा पत्र/टैण्डर दिनांक 12.07.2017 (बुधवार) से दिनांक 15.07.2017 (शनिवार) तक कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट–18, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, डी–20, टी0डी0आई0 सिटी, सी0एल0गुप्ता, वर्ल्ड स्कूल के पीछे, मुरादाबाद अथवा कार्यालय महाप्रबन्धक(नि0–1), सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, एस0के0–42, शास्त्रीनगर, गाजियाबाद से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य का भुगतान करके कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र पूर्ण कर दिनांक 20.07.2017 (गुरूवार) को अपरान्ह 15.30 बजे तक उपरोक्त किसी भी कार्यालय या जिलाधिकारी, अमरोहा के कार्यालय में डाली जा सकती है। जिसे दिनांक 21.07.2017 (शुक्रवार) को ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपरान्ह 15.30 बजे जिलाधिकारी अमरोहा के कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद अमरोहा के नगर पंचायत नौगावा में नूरपुर–अमरोहा रोड पर कैनाल से रामकृष्ण इण्टर कालेज से नगर पंचायत नौगावां सादात के तालाब तक तथा रोड के दूसरी ओर कैनाल से पी0एन0बी0 बैंक एवं खेड़ी मोड़ से रामकृष्ण इण्टर कालेज तक आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कार्य | 587.51 | 5.90 | 10000+GST (नियमानुसार) | 18 माह |

Phone No. 0591-2451057
Email id –pm18cds@gmail.com

<u>नियम एवं शर्त्ते –</u>

1. निविदा प्रपत्र का विक्रय उ0प्र0 जल निगम/सी0एण्ड डी0एस0/लोक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग/सी0पी0डब्लू0डी0/उ0प्र0 सरकार के उपक्रम/भारत सरकार के उपक्रमों में श्रेणी 'ए' (भवन कार्य) में पंजीकृत ठेकेदारों को उनके अनुरोध पत्र के साथ पंजीकरण प्रमाण–पत्र एवं निविदा प्रपत्र मूल्य राष्ट्रीकृत बैंक का ड्राफ्ट जो कि निदेशक, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, यूनिट–18, मुरादाबाद के पक्ष में मुरादाबाद में भुगतान हेतु देय हो प्रस्तुत करने पर ही किया जायेगा।
2. निविदाऐं दो बिड के अन्तर्गत आंमत्रित की जा रही हैं। अतः निविदाओं को निर्धारित तिथि एवं समय तक दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफों में जमा करना होगा जिसमें एक लिफाफे में टेक्निकल बिड जिसमें धरोहर धनराशि, पंजीकरण, अनुभव प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र एवं टर्नओवर प्रमाण–पत्र आदि होंगे तथा दूसरे लिफाफे में फाइनेन्शियल बिड जिसमें निविदा दरें होगी। टेक्निकल बिड वाले लिफाफें के उपर टेक्निकल बिड तथा फाइनेन्शियल बिड वाले लिफाफें के उपर फाइनेन्शियल बिड अंकित करना होगा। निर्धारित तिथि 21.07.2017 को टेक्निकल बिड वाला लिफाफे ही खोला जायेगा। यदि निविदादाता टेक्निकल रूप से अर्ह पाया जाता है तो उसकी फाइनेन्शियल बिड किसी बाद की तिथि में उनको सूचित करते हुए खोली जायेगी।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि जो कि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफ0डी0आर0, सी0डी0आर0 /डाकघर का क्रय किये हुए एन0एस0सी0 के रूप में हो एवं निदेशक, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, यूनिट–18, मुरादाबाद के पदनाम बन्धक, हो जमा करना होगा।
4. ठेकेदार/फर्म की न्यूनतम हैसियत कार्य की अनुमानित लागत की 40 प्रतिशत, टर्नओवर पिछले तीन वित्तीय वर्ष का औसतन 30 प्रतिशत एवं किसी एक वर्ष में 50 प्रतिशत होनी चाहिए।
5. ठेकेदार/फर्म को कार्य की लागत के सापेक्ष विगत 7 वर्षों में तीन कराये गये कार्यों का 40 प्रतिशत अथवा दो कराये गये कार्यों का 50 प्रतिशत अथवा किसी एक कराये गये कार्य का 80 प्रतिशत का अनुभव होना अनिवार्य है।
6. विभाग में कराये गये कार्यों की गुणता/प्रगति के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा।
8. निविदाता जिनका आपराधिक रिकार्ड है, निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले पायेंगे।
9. निविदाता, जो किसी भी बार कान्सिल में पंजीकृत हैं, निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले पायेंगे।
10. निविदा दरों के साथ रू0 100.00 (रूपया एक सौ) मात्र के स्टाम्प पेपर शपथ जमा करना होगा।

Phone No. 0591-2451057
Email id –pm18cds@gmail.com

11. निविदाताओं से यह विशेष रूप से आपेक्षित है कि वे निविदा दर देने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण व निविदा प्रपत्रों का अध्ययन कर लें।
12. निविदा डाक द्वारा मंगाने पर डाक व्यय बैंक ड्राफ्ट के रूप में रू0 500.00 अतिरिक्त और देय होगा। डाक द्वारा विलम्ब से निविदा प्राप्त होने पर विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
13. सफल निविदा दाता को अनुबन्ध हेतु 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं नवीनतम प्रचलित दर से स्टाम्प जमा करना होगा।
14. किसी भी वाद–विवाद के निस्तारण का स्थल मा0 न्यायालय मुरादाबाद में होगा।
15. कार्यस्थल की स्थिति के अनुसार कार्य की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है।

(ए0 के0 सिसोदिया)
परियोजना प्रबन्धक

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (मुरादाबाद क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम, मुरादाबाद।
3. मुख्य महाप्रबन्धक(तृतीय), सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी महोदय, अमरोहा।
5. महाप्रबन्धक(नि0–1), सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद।
6. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, मण्डलन्तर्गत।
7. जनसम्पर्क अधिकारी, उ0प्र0 जल निगम/महाप्रबन्धक(अनुश्रवण), सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. गार्ड फाइल/नोटिस बोर्ड हेतु।

परियोजना प्रबन्धक